प्रेषक,

मिशन निदेशक,
उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन
गोमती नगर, लखनऊ

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी
आगरा, अलीगढ, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, बहराइच, बाँदा, बाराबंकी, बस्ती, भदोही, बिजनौर, बदायूं, चंदौली , चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फतेहपुर, गाजीपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, जालौन, झाँसी, कन्नौज, खीरी, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मिर्ज़ापुर, मुरादाबाद, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सहारनपुर, संतकबीर नगर, सुल्तानपुर, सोनभद्र व वाराणसी।

पत्रांक: 5183/ /वादा सखी/2022-23 लखनऊ: दिनांक: 06 दिसम्बर, 2022

विषय: ग्राम्य विकास विभाग एवं यूनीसेफ के मध्य ऍम०ओ०यू० के अंतर्गत वादा समूह सखी के समबन्ध में -

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-38-6004(99) /2/2021, दिनांक-17.02.2022 एवं /38-6-22-ई-02/2021 दिनांक-19.04.2022 तथा इस कार्यालय के पत्रांक-2343/ आजीविका/एफ०आई०/2022-23, दिनांक-08.07.2022 के क्रम में अवगत कराना है कि ग्राम्य विकास विभाग और यूनीसेफ के मध्य ऍम०ओ०यू० के अंतर्गत प्रदेश के 37 जनपदों के 7,228 ग्राम पंचायतो में शासन के अलग अलग विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ डी0बी0टी0 के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों तक पहुंचाने के दृष्टिगत एक विशेष पायलट परियोजना संचालित किया जा रहा है। परियोजना के तहत चुनी गयी ग्राम पंचायतों में से एक-एक समूह सखी का चयन होना प्रस्तावित था। इन समूह सखियों का पूर्व से निर्धारित सभी कार्यवृत्त निष्पादित करने के अतिरिक्त डिजिटल माध्यम से समूह सदस्यों का विस्तारित डीबीटी प्रोफाइल विकसित करना तथा सभी समूह सदस्यों का टेक्नोलॉजी आधारित माध्यमों पर क्षमता वर्धन करना भी है। इस क्रम में, पायलट परियोजना कार्यक्षेत्र में वर्तमान समूह सखियों के साथ साथ नये समूह सदस्यों का भी टेक्नोलॉजी माध्यम से चयन किया जा रहा है। इस माध्यम से सभी चयनित वादा-समूह सखियों का कंप्यूटर आधारित रेटिंग हुआ है जिससे एक ही ग्राम पंचायत से आवेदित स्टैंडबाई अभ्यर्थी भी स्वतः निर्धारित है।

वर्तमान में कुल 7,228 ग्राम पंचायतों में से 6,108 ग्राम पंचायतों में समूह सखी अभ्यर्थी का ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए गये हैं, जिनमे से 5,531 समूह सखियों ने उच्चतम अंक प्राप्त करते हुए चयनित हुए हैं। टेक्नोलॉजी आधारित ये चयन प्रक्रिया पूर्व में बीसी सखियों के चयन के लिए भी सफ़लतापूर्वक उपयोग किया गया है। टेक्नोलॉजी-आधारित माध्यमों से सभी चयनित वादा-समूह सखियों का विवरण संबंधित मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त स्वत: रोजगार, DMM-MIS, SPM-SISD, SPM-MIS एवं अन्य संबंधित मिशन मैनेजर को www.upsrlm.org पोर्टल पर उनके कन्सोल पर उपलब्ध होंगे।

भवदीय

5/12/22

(सी0 इंदुमती)
मिशन निदेशक,
उ0 प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन,

पत्रांक संख्या- 5183/3894/ वादा सखी /2022-23, लखनऊ: तद दिनांक-

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ और आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1- कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय के अवलोकनार्थ
2- प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास महोदय के अवलोकनार्थ
3- डॉ० अमित मेहरोत्रा, प्रोग्राम मैनेजर, यूनिसेफ
4- उपायुक्त स्वत: रोजगार, सम्बंधित जनपद
5- गार्ड फाइल

5/12/22

मिशन निदेशक
उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन